# UNIVERSITY NEWS 21 JUNE 2026

## HINDUSTAN

### कॉरपोरेट जगत की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया पांच वर्षीय प्रोग्राम

# एलयू के बीबीए एलएलबी में प्रवेश को आवेदन कल से



**22** जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन होंगे

- लीगल एसोसिएट, कॉरपोरेट लीगल एडवाइजर जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिलेंगे

**लखनऊ, संवाददाता।** एलयू प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बनने जा रहा है, जहां सत्र 2026-27 से विधि संकाय के अंतर्गत बीबीए एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 22 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

एलयू प्रशासन के अनुसार यह पाठ्यक्रम प्रबंधन विज्ञान और कानून का आधुनिक एवं बहुआयामी संयोजन है, जिसे कॉरपोरेट क्षेत्र की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें छात्रों को वित्तीय संगठनों के संचालन, वित्तीय लेखांकन, विपणन, संवैधानिक कानून, व्यापार कानून और अंतरराष्ट्रीय विधिक प्रणालियों का अध्ययन कराया जाएगा। पांच वर्षीय इस पाठ्यक्रम में छात्रों को मूट कोर्ट, ड्राफ्टिंग, लीगल राइटिंग, केस स्टडी और कॉरपोरेट हाउस व लॉ फर्म में इंटर्नशिप के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। डिग्री पूरी करने के बाद छात्रों के लिए कॉरपोरेट लॉ फर्म, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों में लीगल एसोसिएट, कॉरपोरेट लीगल एडवाइजर जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

- **लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग, कला संकाय, विवि परिसर, सुबह 6.15 बजे।**

## DAINIK JAGRAN

# लखनऊ विश्वविद्यालय में इस सत्र से शुरू होगा बीबीए एलएलबी

**जागरण संवाददाता ● लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2026-27 से विधि संकाय के अंतर्गत बीबीए एलएलबी (पांच वर्षीय एकीकृत) पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। यह प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है, जिसमें यह कोर्स संचालित होगा। इसमें 180 सीटें हैं।

फीस प्रति सेमेस्टर फीस 81,130 व अन्य शुल्क 5500 रुपये है। प्रवेश में क्लैट 2026 उत्तीर्ण करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। इनमें सामान्य श्रेणी वालों 50 प्रतिशत, ओबीसी, एससी, एसटी व दिव्यांगजन को न्यूनतम 45 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त होना चाहिए। जो अपने क्लैट स्कोर के आधार पर प्रवेश के लिए योग्य होंगे, उन्हें लवि की प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं होना होगा।

पांच वर्षों की इस अवधि में विद्यार्थियों के भीतर क्रिटिकल थिंकिंग, समस्या समाधान की क्षमता, प्रभावी बातचीत का कौशल और शोध कौशल व्यावहारिक रूप से विकसित किया जाएगा। मूट कोर्ट सत्र, ड्राफ्टिंग, लीगल

**प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है, जहां यह पाठ्यक्रम चलेगा, इस कोर्स में किया गया मैनेजमेंट साइंस और कानून का संयोजन**

राइटिंग, केस स्टडी और कारपोरेट हाउस या ला फर्म्स में अनिवार्य इंटर्नशिप इस पाठ्यक्रम का मुख्य हिस्सा हैं। जो अभ्यर्थी इस पाठ्यक्रम में प्रवेश चाहते हैं, वे लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने एललएलबी पाठ्यक्रम में आवेदन किया है, वे भी इस नवीन पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि बीबीए एलएलबी पाठ्यक्रम के लिए अलग से आवेदन करना होगा। आनलाइन आवेदन 22 जून से 10 जुलाई तक कर सकेंगे। आनलाइन आवेदन फार्म शुल्क 1500 रुपये सामान्य, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस व 750 रुपये एससी, एसटी व दिव्यांगजन के लिए है।

## NBT

# एलयू में BBA-LLB कोर्स के लिए कल से शुरू होंगे आवेदन

AI Image



■ **NBT न्यूज़, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में विधि संकाय के तहत पहली बार शुरू हो रहे पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड 'B.B.A. LL.B' कोर्स में सोमवार से आवेदन शुरू होंगे। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 10 जुलाई तय की गई है। प्रवक्ता मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पहले से पांच वर्षीय एलएलबी के लिए आवेदन कर चुके छात्रों को भी इस कोर्स के लिए अलग से फॉर्म भरना होगा।

**तय हुई फीस और पात्रता की शर्तें :** विश्वविद्यालय द्वारा इस पाठ्यक्रम के लिए कुल 180 सीटें तय की गई हैं। प्रति सेमेस्टर फीस 81,130 रुपये होगी, जबकि प्रवेश के समय कॉशन मनी और नामांकन शुल्क के रूप में 5,500 रुपये (एक बार) अलग से देय होंगे। आवेदन के लिए सामान्य वर्ग के लिए इंटरमीडिएट में न्यूनतम 45%, ओबीसी के लिए 42% और एससी/एसटी के लिए 40% अंक होना अनिवार्य है। सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 1,500 रुपये तथा एससी, एसटी व दिव्यांग श्रेणी के लिए 750 रुपये तय किया गया है।

**क्लैट स्कोर वालों को तरजीह :** प्रवेश प्रक्रिया में क्लैट परीक्षा में निर्धारित अंक लाने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। क्लैट में 50% (120 में से 60 अंक) पाने वाले सामान्य वर्ग और 45% (54 अंक) पाने वाले आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का सीधा प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। उन्हें विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा (UGET) नहीं देनी होगी। शेष रिक्त सीटों को विश्वविद्यालय की अपनी स्नातक प्रवेश परीक्षा की मेरिट से भरा जाएगा।

## VOICE OF LUCKNOW

# बीबीए एलएलबी में कल से शुरू होंगे आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीबीए एलएलबी (इंटीग्रेटेड पंच वर्षीय) में ऑनलाइन आवेदन 22 जून से शुरू हो रहा है। इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 10 जुलाई तक होगी। इच्छुक अभ्यर्थी तय तिथि के अनुसार आवेदन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

## AMAR UJALA

# शिक्षा व फारसी अध्ययन में बेहतर करने वालों को मिला सम्मान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के फारसी विभाग की विभागाध्यक्ष पद्मश्री (प्रोफेसर एमेरिटस) आसिफा जमानी की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को निशातगंज के एक होटल में व्याख्यान और सम्मान समारोह हुआ। शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, राजनीति से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने आसिफा जमानी के जीवन को महिला शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल बताया। कार्यवाहक मुख्यमंत्री रहे डॉ. अम्मार रिजवी ने कहा कि फारसी भाषा एवं साहित्य की सेवा में उनका बड़ा योगदान है। वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. इशरत नाहीद ने विचार रखे। वरिष्ठ शायर नैय्यर उमर, और एहतिशाम खान ने उनसे जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। इस दौरान शिक्षा और फारसी अध्ययन में बेहतर करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मसीहुद्दीन ने किया। आसिफा जमानी की पौत्री आलिया व अलीन रिजवी ने सभी का आभार जताया। (संवाद)

## AMAR UJALA

# लविवि : प्रवेश के लिए आवेदन कल से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पांच वर्षीय बीबीए एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 जून से लिए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। एलएलबी एकीकृत पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों को भी इस नए पाठ्यक्रम के लिए अलग से आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन की अतिंम तिथि 10 जुलाई निर्धारित है। पाठ्यक्रम में कुल 180 सीटें उपलब्ध हैं। प्रति सेमेस्टर शुल्क 81130 रुपये है। प्रवेश के समय एकमुश्त 5500 रुपये अतिरिक्त देय होंगे। (संवाद)

## SWATANTRA BHARAT

# उच्च शिक्षा के बदलते स्वरूप पर हुआ मंथन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** विश्वविद्यालयों को छात्रों को केवल पहली नौकरी के लिए नहीं, बल्कि जीवनभर आने वाले करियर बदलावों और अवसरों के लिए तैयार करना होगा। वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी डब्ल्यूपीयू गोवा में आयोजित 'ओपन हाउस' कार्यक्रम में वाइस चांसलर प्रो. वाल्टर लील और प्रो-वाइस चांसलर डॉ. आशीष भारद्वाज ने बताया। कार्यक्रम में भावी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। प्रो. वाल्टर लील ने कहा कि डब्ल्यूपीयू गोवा का ट्रांसडिसिप्लिनरी शिक्षा मॉडल छात्रों को विषयगत सीमाओं से आगे बढ़कर सोचने, व्यावहारिक अनुभव, उद्योग से जुड़ाव और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित करता है। वहीं डॉ. आशीष भारद्वाज ने कहा कि भविष्य उन लोगों का है जो निरंतर सीख सकते हैं, विभिन्न क्षेत्रों के विचारों को जोड़ सकते हैं और नई चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को ढाल सकते हैं। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, इंटीग्रेटेड प्रोडक्ट डिजाइन, कम्युनिकेशन डिजाइन और मनोविज्ञान के पाठ्यक्रमों की भी जानकारी दी गई।